रोल नं. .....

1149-B

कक्षा 11वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2022-23

राजनीति शास्त्र–130

(माध्यम हिन्दी)

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23) (कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08)

(समय : 03 घण्टे) (पूर्णांक : 80)

निर्देश –

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्र. 01 से 05 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 1×32=32 अंक निर्धारित हैं।

(3) प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(5) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1×6=6)**

(i) भारतीय संविधान में अनुसूचियाँ होती हैं –

(अ) 8 (ब) 9

(स) 11 (द) 12

(ii) राष्ट्रीय मतदान दिवस मनाया जाता है –

(अ) 25 जनवरी (ब) 25 दिसम्बर

(स) 25 सितम्बर (द) 28 अगस्त

(iii) स्वतंत्रता क्या है?

(अ) बाहरी प्रतिबन्धों का अभाव (ब) बाहरी नियंत्रण

(स) स्वायत्ता (द) आत्म अभिव्यक्ति

(iv) स्वराज का अर्थ है –

(अ) स्वतंत्रता (ब) स्व का शासन

(स) समान समुदाय (द) स्व के ऊपर शासन

(v) स्वतंत्रता आधुनिक काल का कौन सा दर्शन है?

(अ) पारिवारिक (ब) राजनैतिक

(स) नैतिक (द) विधिक

(vi) भारतीय संविधान में स्वतंत्रता समानता के सिद्धांत किस देश से लिए गए हैं?

(अ) अमेरिका (ब) चीन

(स) फ्रांस (द) रूस

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(1×7=7)**

(i) भारतीय संविधान में उद्देश्य प्रस्ताव ..... ने रखा।

(ii) निर्वाचन आयोग का गठन अनुच्छेद ..... में है।

MPBoardHub

(iii) व्यक्ति और समाज दोनों के लिए ..... आवश्यक है।

(iv) कानून के समक्ष सभी भारतीय ..... हैं।

(v) संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और ..... करते हैं।

(vi) ..... समानता प्रजातंत्र की आधार शिला है।

(vii) संविधान सभा का गठन ..... योजना के अंतर्गत हुआ है।

प्र.3 सही जोड़ियाँ बनाकर लिखिए – **(1×6=6)**

(अ)	**(ब)**
(i) अमेरिका में	(क) दो सौ पचास
(ii) एकात्मक शासन	(ख) ब्रिटेन
(iii) राज्य सभा की सदस्य संख्या है	(ग) अध्यक्षात्मक व्यवस्था
(iv) भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति	(घ) डॉ. राधाकृष्णन
(v) अस्पृश्यता	(ङ) ऑन लिबर्टी
(vi) जॉन स्टुअर्ट मिल	(च) कुप्रथा

प्र.4 सत्य/असत्य लिखिए – **(1×6=6)**

(i) कार्यपालिका नीति निर्माण में भाग लेती है।

(ii) चुनाव आयोग की स्थापना 1952 में हुई।

(iii) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति प्रधानमंत्री करता है।

(iv) प्रोटेम स्पीकर लोकसभा का स्थायी स्पीकर होता है।

(v) राज्यसभा का कार्यकाल 04 वर्ष होता है।

(vi) सरकार के तीन अंग होते हैं।

प्र.5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – **(1×7=7)**

(i) न्याय क्या है?

(ii) भारतीय संविधान बनाने में कितना समय लगा?

(iii) सुभाष चन्द्र बोस ने कौन सी पार्टी बनाई थी?

(iv) स्वतंत्रता के प्रकार लिखिए।

(v) लोकसभा किसके द्वारा भंग की जा सकती है?

(vi) संसद के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता कौन करता है?

(vii) मतदाता कौन होता है?

प्र.6 दल–बदल क्या है? **(2)**

अथवा

राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल एवं योग्यताएं लिखिए।

प्र.7 मार्क्सवाद क्या है? **(2)**

अथवा

संविधान सभा के चार सदस्यों के नाम लिखिए।

प्र.8 चुनाव लड़ने के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए? **(2)**

अथवा

निर्वाचन आयोग के दो प्रमुख कार्य लिखिए।

प्र.9 सामूहिक उत्तरदायित्व क्या होते हैं? **(2)**

अथवा

प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?

प्र.10 साधारण विधेयक क्या होता है? **(2)**

अथवा

राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है?

प्र.11 प्रतिबन्धों के स्त्रोत क्या होते हैं? **(2)**

अथवा

न्यायोचित प्रतिबन्ध क्या है?

प्र.12 संवैधानिक उपचारों का अधिकार क्या है? **(2)**

अथवा

तीन भारतीय राजनीतिक चिन्तकों के नाम लिखिए।

प्र.13 न्यायिक पुनरावलोकन क्या है? **(2)**

अथवा

कानून के समक्ष समानता क्या है?

प्र.14 संसद के दो प्रमुख कार्य लिखिए। **(2)**

अथवा

मंत्री परिषद का प्रधान कौन होता है?

प्र.15 स्थगन प्रस्ताव क्या है? **(2)**

अथवा

तारांकित प्रश्न किससे सम्बन्धित होते हैं?

प्र.16 राष्ट्रपति के विशेषाधिकार को समझाइए। **(3)**

अथवा

संसदीय शासन प्रणाली की चार विशेषताएं लिखिए।

प्र.17 समाजवाद समानता का आधार क्या है? समझाइए। **(3)**

अथवा

73वां व 74वां संविधान संशोधन क्या है?

प्र.18 रॉल्स का न्याय सिद्धान्त क्या है? **(3)**

अथवा

प्राचीन भारत के न्याय का आधार क्या था? समझाइए।

प्र.19 कानूनी अधिकार कितने प्रकार के होते हैं? **(3)**

अथवा

अधिकार का आदर्शवादी सिद्धान्त क्या है? समझाइए।

प्र.20 चार भारतीय राजनीतिक चिंतकों के विचारों को समझाइए। **(4)**

अथवा

राजनीतिक सिद्धान्त में हम क्या पढ़ते हैं? व्याख्या कीजिए।

प्र.21 "भारतीय संविधान उधार का थैला है।" समीक्षा कीजिए। **(4)**

अथवा

स्वराज्य दल के प्रमुख कार्यों को समझाइए।

प्र.22 स्वतंत्रता की रक्षा हेतु प्रमुख उपाय क्या हैं? **(4)**

अथवा

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता क्यों आवश्यक है? समझाइए।

प्र.23 राजनीतिक सिद्धान्त क्या है? व्याख्या कीजिए। **(4)**

अथवा

"समानता विकास का आधार है।" समीक्षा कीजिए।